
**Page Three**

**Classified**

**Adds can be booked under these Categories : (all day publication)**

Recruitment
Property
Business Opportunity
Vehicles
Announcements
Antiques & Collectables
Barter
Books
Computers
Domain Names
Education
Miscellaneous
Entertainment & Event
Hobbies & Interests
Services
Jewellery & Watches
Music
Obituary
Pets & Animals
Retail
Sales & Bargains
Health & Sports
Travel

**Matrimonial (Sunday Only)**



**अब मात्र रु. 20 प्रति शब्द**


# चीन सीमा से सटे बेस चिकित्सालयों में स्वास्थ्य सुविधा भगवान भरोसे

**जिम्मेदार कौन**

## छह सौ मरीजों की हर रोज ओपीडी होती है

**निर्मल भट्ट। विशेष रिपोर्ट।**

पिथौरागढ़। शासन प्रशासन व जनप्रतिनिधि सीमांत के अंतिम बार्डर की महिलाओं के सेहत संबधी मामले पर चिंतित नही दिखाई दे रहा है। जानकारी के मुताबिक सीमांत के धाराचूला ,मुंसयारी में बेस चिकित्सालय राज्य सरकारों द्वारा खोल तो दिये मगर आजतक यहां पर न तो जन सेहत के स्वास्थ्य का ध्यान रखा गया , न ही डाक्टर की तैनाती की गई। सीमांत जनपद पिथौरागढ़ से धारचूला के अंतिम गांव की दूरी लगभग एक सौ बीस किमी के आसपास है। यहां से धारचूला का किराया बारह सौ रूपये है। धाराचूला से सीमांत जनपद पिथौरागढ़ का किराया तीन सौ पचास रूपये है। दूसरी ओर सीमांत की गर्भवती महिलाओं को दो हजार रूपये तक खर्च करके प्रसव पीड़ा के इलाज के लिए सीमांत जनपद



मुख्यालय आना पड़ रहा है।

वर्तमान में आलम यह है कि सीमांत में जगह जगह बंद हो चुकी सड़कों पर जान हथेली पर रखकर सीमांत की गभ्रवती महिलाओं को प्रसव पीड़ा की समस्या पर सीमांत जपनद मुख्यालय आने को मजबूर होना पड़ रहा है। वर्तमान में सीमा पर प्रदेश सरकार द्वारा बनाये गये बेस चिकित्सालयों में रेडियोलाजिस्ट का पद लंबे समय से खाली चल रहा है। गर्भवती महिलाओं को परेशानी व चक्कर काटने को मजबूर होना पड़ रहा है। चीन सीमा की गर्भवती महिलाओं को जान हथेली पर रखकर एक सौ अस्सी किमी अधिक किमी दूरी तय कर अल्ट्रसाउंड कराने के लिए सीमांत जनपद पिथौरागढ़ आने को मजबूर होना पड़ रहा है।

जहां एक ओर अपने स्वास्थ को लेकर सीमांतकी गर्भवती महिलाएं बंद पडी सड़कों के बीच जान हथेली पर रखकर जेब से दो हजार रूपये तक खर्च कर जिला मुख्यालय जाने को मजबूर हो रही है। वही ऐसे में सीमांत की गर्भवती महिलाओं के स्वास्थ्य के साथ अनदेखी के लिए आखिरकार कौन जिम्मेदार है यह सवाल ग्रमीण उठा रहे है। राज्य को बने बीस साल बीत चुके है मगर समस्यायें आज भी सीमा में बने बेस चिकित्सयलयों को लेकर कोई खास पहल न किया जाना बेहद गंभीर मामला है। सीमांत के मुंसयारी व धापा में भी यह समस्या जस की तस बरकरार है।

मामले पर सीएमओ डाक्टर हरीश चंद्र पंत ने बताया कि शासन को सीमा पर बनाये बेस चिकित्सायलयों की समस्याओं को लेकर कई बार अवगत करा दिया गया । वही रेडियोलाजिस्ट के पद को तैनाती को लेकर भी अवगत करा दिया गया मगर अभी भी इंतजार चल रहा है। धारचूला से कांग्रेस विधायक हरीश धामी ने मामले को विधानसभा में उठाने के लिए बात कही है। उन्होनें मुख्यमंत्री को इस मामले पर समाधान करने को लेकर पत्र मोदन किया है।

## न्यूज डायरी

### हमारी युवा पीढ़ी राष्ट्र भाषा को भुलाती जा रहीः कुकरेती

**संवाददाता** देहरादून। नेताजी संघर्ष समिति के तत्वाधान मे मंगलवार को समिति के कार्यालय कांवली रोड पर एक विचार गोष्ठी का आयोजन किया गया जिसमे बतौर मुख्य अतिथि समिति के अध्यक्ष अरविन्द गुप्ता थे अध्यक्षता प्रभात डंडरियाल और संचालन आरिफ वारसी ने किया। गोष्ठी मे विशेष अतिथि के रूप में देहरादून के समाज सेवी आन्दोलनकारी प्रदीप कुकरेती रहे। सभी वक्ताओं ने एक स्वर मे कहा कि हमे राष्ट्र भाषा हिन्दी को आगे केसे बढ़ाया जाये इस पर बल देना चाहिये। कुकरेती ने कहा कि बड़े दुख का विषय है कि आज की हमारी युवा पीढ़ी राष्ट्र भाषा को भुलाती जा रही है और इंग्लिश भाषा को महत्व दे रही हे जो उचित नहीं है। अरविन्द गुप्ता,प्रभात डंडरियाल और आरिफ वारसी ने कहा कि आज हमे संकल्प लेना चाहिये कि हम हिन्दी को जन जन की भाषा बनाने के लियें काम करें जिससे हिन्दी भाषा का अनादर होने से बचाया जा सके।

### किशोरी को छह लाख में बेचने की तैयारी, पांच गिरफ्तार, दो फरार

**संवाददाता** रुद्रपुर। ट्रांजिट कैंप में किशोरी को छह लाख रुपये में बेचने की तैयारी की सूचना पर पुलिस ने जनपथ रोड से दो महिला समेत पांच लोगों को गिरफ्तार किया है। इस दौरान दो आरोपित भागने में कामयाब हो गए। पुलिस के मुताबिक आरोपित युवतियों और किशोरियों को देह व्यापार के लिए उकसाती है। पुलिस ने उनके पास से दो मोबाइल, दो पहचान पत्र, दो पैन कार्ड, दो आधार कार्ड के साथ ही आपत्तिजनक सामान बरामद किया है। बाद में ट्रांजिट कैंप पुलिस ने आरोपितों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जेल भेज दिया। बताया कि युवती किसी से फोन पर उसे छह लाख रुपये में बेचने की बात कर रही थी।

### भारत पे ने लॉन्च की 'भारतपे लगाओ, वर्ल्ड कप जाओ' कॉन्टेस्ट

**संवाददाता** देहरादून। व्यापारियों के लिए भारत की अग्रणी फिनटेक कम्पनी भारतपे ने छोटे व्यापारियों को सशक्त बनाने के अपने प्रयास को आगे बढाते हुए, एक इनोवेटिव कॉन्टेस्ट का आयोजन किया है। अपने व्यापारिक साझेदारों के लिए आयोजित की जाने वाली इस प्रतियोगिता को कम्पनी ने नाम दिया है– 'भारतपे लगाओ, वर्ल्ड कप जाओ।' इस अभियान के अंतर्गत भारतपे अपने क्यू.आर. मर्चेंट्स (व्यापारियों) को पूरी तरह कम्पनी के खर्चे पर दुबई की 2 दिन की ट्रिप का आनंद लेने और आईसीसी मेन्स टी20 वर्ल्ड कप 2021 में भारत के लिए चीयर करने का अवसर प्रदान कर रहा है। कम्पनी ने देशभर के अपने 400 सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने वाले व्यापारियों को पुरस्कृत करने की योजना बनाई है।

## हरिद्वार के एसएसपी योगेंद्र रावत ने कार्यालयों का किया औचक निरीक्षण

**संवाददाता** हरिद्वार। हरिद्वार के एसएसपी योगेंद्र रावत ने पुलिस शाखाओं का औचक निरीक्षण किया, जिससे मौके पर हड़कंप मच गया। पुलिस कार्यालयों से करीब 15 पुलिसकर्मी गायब रहे। इससे नाराज एसएपी ने उनको बिना वेतन अवकाश का नोटिस जारी करने के निर्देश दिए।

हरिद्वार के एसएसपी की कमान संभालने के बाद से ही एसएसपी योगेंद्र फुल फार्म में नजर आ रहे हैं। मंगलवार को उन्होंने कार्यालयों का औचक निरीक्षण किया। अचानक एसएसपी को पहुंचा देख पुलिसकर्मियों में हड़कंप मच गया। कार्यालयों में 15 पुलिसकर्मी गैरहाजिर मिले। इस पर एसएसपी ने कड़ी नाराजगी जताते हुए बिना वेतन अवकाश के नोटिस जारी करने के निर्देश दिए हैं।

**15 पुलिसकर्मी रहे गायब, होगी कार्रवाई**



इसके साथ ही उन्होंने कार्यालय में समस्त शाखा प्रभारियों को निर्देशित किया कि सभी कर्मचारी साफ–सफाई का खास ध्यान रखते हुए पत्रावलियों को भी अध्यावधिक स्थिति में रखेंगे। प्रतिसार निरीक्षक पुलिस लाइन को निर्देशित किया गया कि बायोमैट्रिक अटेडेंस सिस्टम को दोबारा से शुरू किया जाए।



## सीएम ने किया रानीपोखरी पुल का औचक निरीक्षण

**संवाददाता** देहरादून। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने ऋषिकेश–देहरादून मार्ग पर रानीपोखरी पुल का औचक निरीक्षण किया। उन्होंने अधिकारियों को तय समय सीमा के भीतर कार्य पूर्ण करने के निर्देश दिए। मुख्यमंत्री नै मौके पर मौजूद स्थानीय लोगों से भी मुलाकात की।

# सीएम ने विभिन्न योजनाओं एवं विकास कार्यों हेतु प्रदान की वित्तीय स्वीकृति

**संवाददाता** देहरादून। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने विभिन्न योजनाओं एवं विकास कार्यों हेतु वित्तीय स्वीकृति प्रदान की है। मुख्यमंत्री ने विधानसभा क्षेत्र बी.एच.ई.एल. रानीपुर में आंतरिक सड़कों के निर्माण कार्य हेतु 184.21 लाख रूपये, विधानसभा क्षेत्र रूड़की के अन्तर्गत विभिन्न 03 निर्माण कार्यों हेतु 268.78 लाख रूपये, विधानसभा क्षेत्र रायपुर के अन्तर्गत विभिन्न 02 निर्माण कार्यों हेतु 130.76 लाख रूपये, विधानसभा क्षेत्र खटीमा के अन्तर्गत बिगराबाग कुटरा छिनकी मोटर मार्ग के नव–निर्माण हेतु 139.74 लाख रूपये, विधानसभा क्षेत्र खटीमा के अन्तर्गत झनकट बिरिया बिछुवा बिगराबाग कलापुर

**नन्दा गौरा योजनान्तर्गत 50 प्रतिशत धनराशि 60 करोड़ रूपये की वित्तीय स्वीकृति प्रदान की**

झनकईया मुडेली–सत्रमील नानकसागर को उच्चीकृत कर दो लेन में परिवर्तित किये जाने हेतु 255.70 लाख रूपये, विधानसभा क्षेत्र हरिद्वार ग्रामीण के अन्तर्गत विभिन्न 07 निर्माण कार्यों हेतु 446.96 लाख रूपये, विधानसभा क्षेत्र मसूरी के अन्तर्गत सहस्त्रधारा–चामासारी मोटर मार्ग का डामरीकरण हेतु 522.06 लाख रूपये, विधानसभा क्षेत्र लोहाघाट के अन्तर्गत विभिन्न 03 निर्माण कार्यों हेतु 186.54 लाख रूपये,विधानसभा क्षेत्र रामनगर के अन्तर्गत रामनगर रिंग रोड के हाथीडंगर से मालधन ढेला नदी तक चौड़ीकरण व पुनः निर्माण कार्य हेतु 282.36 लाख रूपये की वित्तीय स्वीकृति प्रदान की है।

चतुर्थ राज्य वित्त आयोग की संस्तुतियों के आधार पर समस्त पंचायतीराज संस्थाओं को वित्तीय वर्ष 2021–22 की तृतीय त्रैमासिक किश्त हेतु 90,24,84,000 रूपये निर्गत किये जाने के साथ ही समस्त स्थानीय निकायों को वित्तीय वर्ष 2021–22 की तृतीय त्रैमासिक किस्त हेतु 1,48,23,89,000 रूपये की स्वीकृति प्रदान की है। मुख्यमंत्री ने नन्दा गौरा योजनान्तर्गत वित्तीय वर्ष 2020–21 की अवशेष देयता एवं वित्तीय वर्ष 2021–22 की वास्तविक देयता हेतु कुल प्राविधानित धनराशि का 50 प्रतिशत धनराशि 60 करोड़ रूपये की वित्तीय स्वीकृति प्रदान की है।

## सड़क किनारे खड़ी कार पर सड़क का पुश्ता भर भराकर गिरा

**संवाददाता** पुरोला। पुरोला के छाड़ा–कुरडा रॉड पर रात्रि में पार्क कार UK07 DR 3014 सड़क किनारे खड़ी थी जिस पर मंगलवार सुबह सड़क का पुश्ता भर भराकर गिर गया व कार दुर्घटनाग्रस्त हो गई। कार सड़क के निचे बने भवन पर जा गिरी। भवन स्वामिनी सुलोचना देवी ने बताया कि उन्होंने उक्त पुश्ते को लेकर लोनिवि को सचेत किया व उनके भवन को खतरे की बात भी बताई पर किसी ने भी उनकी बात पर गौर नही किया। जिसका परिणाम आज हमारे घर को नुकसान हो गया। उन्होंने कहा कि उनके पूरे घर मे पानी व मलबा घुस गया है व उनका पूरा परिवार भय के माहौल में रात विताई। उन्होंने शासन प्रशासन से एवं लोक निर्माण विभाग से जल्दी सड़क की दिवार लगाने की मांग की है । राजस्व उप निरीक्षक सुखबीर असवाल ने बताया कि नुकसान का जायजा लिया जा रहा है। रिपोर्ट बनाकर शासन को भेजी जा रही है।